**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 12 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक- 29.09.2023**

**दिनांक-28/29-09-2023 को रात्रि थाना बिजनौर 01, बीकेटी 02, कैसरबाग 01, मड़ियांव 01, सुशान्त गोल्फ सिटी 01, विभूतिखण्ड 01, इन्दिरानगर 01, हजरतगंज 03, कृष्णानगर 01, अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 12 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 पूर्वी**

**जुआ खेलते समय गिरफ्तार।**

**थाना पीजीआई**-दिनांक 28.09.2023 को एस0आई0 श्री बीर बहादुर दूबे थाना पीजीआई लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- अमर गौमत पुत्र स्व0 सरजू प्रसाद उम्र 31 वर्ष, 02-अंकित पुत्र महेश उम्र 23 वर्ष, 03-जितेन्द्र पुत्र स्व0 जागेश्वर उम्र 27 वर्ष, 04- सतीश रावत पुत्र राम आधार उम्र 30 वर्ष 05-सद्दाम पुत्र मुमताज अली उम्र 26 वर्ष 06- राहुल पुत्र राम केवल उम्र 26 वर्ष नि0 कल्ली पश्चिम थाना पीजीआई लखनऊ को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान पूर्वी माता मन्दिर के पास कल्ली पश्चिम थाना पी0जी0आई लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से कुल 52 अदद ताश के पत्ते, मालफड़ व जामातलाशी में कुल 1874/-रूपये नगद बरामद कर थाना पीजीआई पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**भा0द0वि0**

**थाना मलिहाबाद(फांसी)**- दिनांक 29.09.2023 को थाना मलिहाबाद द्वारा बताया गया कि श्रीमती कलावती पत्नी रघुनाथ निवासी ग्राम मोहम्मदनगर तालुकेदारी थाना मलिहाबाद लखनऊ ने थाना मलिहाबाद पर सूचना दिया कि दिनांक 28/29.09.2023 को रात्रि उसके पुत्र विक्रम उम्र करीब 35 वर्ष ने अपने मकान में सो रहा था, जब वह सुबह लगभग 05.00 बजे जगी तो वह अपने पुत्र के मकान पर गयी तो देखा कि उसके पुत्र विक्रम ने फांसी लगा लिया है। जिससे उसके पुत्र विक्रम उम्र करीब 35 वर्ष की मृत्यु हो गई है। **इस सूचना पर एस0 आई0 श्री संजीव कुमार मो0-8210588212 थाना मलिहाबाद द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि विक्रम ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के कुण्डे से फांसी लगा लिया है। मृतक शराब का आदी था। मृतक की पत्नी कुछ समय से मायके गयी थी, इसके 02 बच्चें हैं। मृतक मजदूरी का कार्य करता था।

**थाना मलिहाबाद(फांसी)**- दिनांक 29.09.2023 को थाना मलिहाबाद द्वारा बताया गया कि श्री विरेन्द्र कुमार मौर्या पुत्र सियाराम मौर्या निवासी ग्राम मुगलपुरा मजरा कसमण्डी खुर्द थाना मलिहाबाद लखनऊ ने थाना मलिहाबाद पर सूचना दिया कि दिनांक 28/29.09.2023को रात्रि उसके छोटे भाई योगेन्द्र कुमार पुत्र सियाराम मौर्या निवासी ग्राम मुगलपुरा मजरा कसमण्डी खुर्द थाना मलिहाबाद लखनऊ ने दुपट्टे को सीलिंग फैन में बांधकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0 आई0 श्री संजय यादव मो0-6395292164 थाना मलिहाबाद द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि योगेन्द्र कुमार मौर्या ने अपने कमरे में लगे सीलिंग फैन में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है। मृतक योगेन्द्र कुमार मौर्या सिंचाई विभाग में आपरेटर की पद पर कसमण्डी खुर्द क्षेत्र में कार्यरत था। मृतक का विवाह 06 माह पूर्व में हुआ था।

**<u>थाना मलिहाबाद(करंट लगने से मृत्यु)</u>-** दिनांक 29.09.2023 को थाना मलिहाबाद द्वारा बताया गया कि श्री मूलचन्द्र वर्मा सी0एच0सी0(वार्ड ब्वाय) मलिहाबाद लखनऊ ने थाना मलिहाबाद पर एक किता मेमों दाखिल किया कि दिनांक 28.09.2023 को समय करीब रात्रि 08.47 बजे एक व्यक्ति नाम अवधेश पुत्र मुन्नालाल निवासी कोखरा थाना बढ़पुरा जनपद इटावा को इलेक्ट्रिक शॉक लगने कारण लाया गया। जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के रिश्तेदार मेहरबान सिंह द्वारा लाया गया था। **इस सूचना पर एस0 आई0 श्री कृष्ण कुमार पटेल मो0-8127272370 थाना मलिहाबाद द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक अवधेश कुमार पिछले कई वर्षों से प्राइवेट वेल्डिंग का कार्य करता था, वर्तमान समय में मृतक अवधेश कुमार आम्रपाली के पास संन्यासी बाग पर सड़क निर्माण कार्य में बिजली के शॉक लगने से घायल हो गया। जिसे दौराने इलाज डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का उम्र करीब 28 वर्ष है तथा मृतक के विवाहित है। परिवारजन मौके पर उपस्थित है।

**<u>थाना बंथरा</u>-** दिनांक 29.09.2023 को थाना बंथरा द्वारा बताया गया कि जरिये दूरभाष सूचना मिली कि दिनांक 28.09.2023 को समय करीब 09.11 बजे रात्रि को एक व्यक्ति प्रमोद कुमार पुत्र धनीराम निवासी आन्धपुरदेव थाना बंथरा लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष को 108 एम्बुलेन्स द्वारा मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर एस0 आई0 श्री सुशील कुमार मो0-7906565720 थाना बंथरा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक प्रमोद कुमार पुत्र परमेश्वर दीन निवासी अंदपुर थाना बंथरा लखनऊ है इनकी उम्र करीब 35 वर्ष है। जोकि मजदूरी करके अपने घर वापस जा रहा था जैसे ही वह बिजनौर मोड़ पर पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा प्रमोद कुमार को घायल अवस्था में सामुदायिक केन्द्र सरोजनी नगर में भर्ती कराया गया, जहां दौराने इलाज प्रमोद कुमार की मृत्यु हो गई।